2020

HINDI — HONOURS

Seventh Paper

Full Marks : 100

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

प्रथम खण्ड

(अंक - 50)

1. किसी ***एक*** अवतरण की संदर्भसहित व्याख्या कीजिए : 24

(क) उसे गली से चालीस बरस के सम्पर्क का भी भरोसा था। मुद्दतों से गली के सब बच्चे-बच्चियाँ और युवा-युवतियाँ उसे मामा कहते आये थे। बहू-बेटियाँ सिर पर आँचल लिये बिना भी उसे रंगने के लिए चुन्नियाँ, साड़ियाँ और पगड़ियाँ थमा जाती थीं। रंग मन माफिक न होने पर या कलफ, और अबरक कम होने पर उससे लड़ भी लेती थी।

(ख) "मैं कभी-कभी सोचता हूँ, इंसान जिंदा किसलिए रहता है– क्या उसे कोई और बेहतर काम करने को नहीं मिला? हजारों मील अपने मुल्क से दूर मैं यहाँ पड़ा हूँ– यहाँ कौन मुझे जानता है... यहीं शायद मर भी जाऊँगा। ह्यूबर्ट, क्या तुमने कभी महसूस किया है कि एक अजनबी की हैसियत से परायी जमीन पर मर जाना काफी खौफनाक बात है...।"

(ग) कुछ लोग कहते हैं कि नदी में 'चोर बालू' भी होता है। ऊपर ऊपर से देखने पर रेत की सतह बराबर लगती है, लेकिन उसके नीचे अतल गहराई होती है– पैर रखते ही आदमी उसमें समा सकता है।

(घ) "अपने मन से हीन भावना निकालो। दुनिया कहाँ से कहाँ निकल गई और तुम लोग वहीं के वहीं हो। उगते सूरज की रोशनी को देखो, अपने आप पर विश्वास करना सीखो। पढ़-लिखकर ऊपर उठोगे तो सबकुछ अपने आप मिट जाएगा।"

(ङ) फिर एक बार उनको अपनी गृहस्थी अधूरी लगने लगी, बिन पतवार की नाव-सी। बिना पुत्र की जननी बने वे माँ के गौरवान्वित पद को स्वीकार नहीं कर पा रही थी।

2. किसी ***एक*** आलोचनात्मक प्रश्न का उत्तर दीजिए : 14

(क) 'खुदा की खुदा से लड़ाई' का मूल प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'दोपहर का भोजन' कहानी में निम्न मध्यवर्गीय समाज की विसंगतियों का चित्रण हुआ है– इस कथन की समीक्षा कीजिए।

(ग) 'आकाशदीप' की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

3. किसी ***एक*** लघूत्तरी प्रश्न का उत्तर दीजिए : 12

(क) मिस लतिका के मानसिक अवसाद को स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'वापसी' कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर विचार कीजिए।

(ग) 'टेपचू' के जीवन की मूल विडंबना क्या है? स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'सिक्का बदल गया' में किस सिक्के के बदल जाने की बात कही गयी है?

(ङ) 'तुम किसकी हो बिन्नी' में किस सामाजिक समस्या की ओर संकेत है? बतलाइए।

द्वितीय खण्ड

(अंक - 50)

4. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 24

(क) जीवन की इस नई पगडंडी पर पाँव रखते ही उसे बड़े जोरों की थकावट मालूम हो रही है। वह राह की खूबसूरती पर मुग्ध होकर छाँह में पड़ा नहीं रह सकेगा। मंजिल तक पहुँचने का यह कितना जबरदस्त रास्ता है जो राही को मंजिल तक पहुँचाने की प्रेरणा देता है। ... वह क्षण-भर सुस्ताने के लिए उदार छाया चाहता है। प्यार! ...

(ख) उसने प्रेम, प्यार और स्नेह को बायोलॉजी के सिद्धांतों से ही हमेशा मापने की कोशिश की थी। वह हँसकर कहा करता, "दिल नाम की कोई चीज आदमी के शरीर में है, हमें नहीं मालूम। पता नहीं आदमी 'लंग्स' को दिल कहता है या 'हार्ट' को। जो भी हो, 'हार्ट', 'लंग्स' या 'लीवर' का प्रेम से कोई सम्बन्ध नहीं है।"

(ग) "मुसलमानों के नामों के अन्त में अली, दीन, अहमद ऐसे-ऐसे शब्द लगे रहते हैं, जबकि हिन्दुओं के नामों के पीछे ऐसे शब्द जैसे लाल, चन्द, राम लगे रहते हैं। रोशनलाल होगा तो हिन्दू, रोशनदीन होगा तो मुसलमान, इकबालचन्द तो हिन्दू, और जो इकबाल अहमद होगा तो मुसलमान।"

(घ) प्रवेश करने पर गुरुद्वारे के बाईं ओर स्त्रियाँ बैठी थीं, सभी ने दुपट्टों में मुँह-सिर लपेट रखे थे, सभी के चेहरे दमक रहे थे, सबकी आँखों में कुरबानी का नूर चमक रहा था। किसी-किसी स्त्री की कमर से कटार लटक रही थी। प्रत्येक नर-नारी का रोम-रोम इस बात को महसूस कर रहा था कि सिख इतिहास की लम्बी श्रृंखला में वह भी एक कड़ी है जो इस संकट के समय पुरखाओं ही की भाँति आत्म-बलिदान के लिए मैदान में उतर रहा है।

(ङ) मैं यह नहीं कहता कि वेश्याओं से समाज को हानि नहीं पहुँचती। कोई समझदार आदमी ऐसा करने का साहस नहीं कर सकता। लेकिन रोग का निवारण मौन से नहीं, दवा से होता है। कोई कुप्रथा उपेक्षा या निर्दयता से नहीं मिटती। उसका नाश शिक्षा, ज्ञान और दया से होता है।

5. किसी ***एक*** आलोचनात्मक प्रश्न का उत्तर लिखिए : 14

(क) 'तमस' उपन्यास के केन्द्र में साम्प्रदायिक भावना और देश-विभाजन की समस्या मूल है— इस संदर्भ में अपना अभिमत स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'मैला आँचल' निरंतर बदलते हुए आज के गाँव की गाथा है'— इस कथन की समीक्षा कीजिए।

(ग) 'सेवासदन' के माध्यम से उपन्यासकार ने भारतीय समाज में मौजूद समस्याओं की जड़ तक जाने का प्रयास किया है'— उपन्यास के आधार पर इस कथन की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

6. किसी ***एक*** लघूत्तरी प्रश्न का उत्तर दीजिए : 12

(क) 'मैला आँचल' की भाषा पर विचार कीजिए।

(ख) 'सेवासदन' में व्यक्त 'दहेज की समस्या' पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'तमस' उपन्यास में 'रिचर्ड' की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

(घ) 'मैला आँचल' के 'गीतों' पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।